जनपद - संतकबीरनगर   प्रेस विज्ञप्ति   दिनाँक 04.06.2024

पीआरवी आफ द डे

पीआरवी 3314 द्वारा पारिवारिक विवाद में घायल महिला को भेजवाया गया अस्पताल– पीआरवी 3314 को थाना धर्मसिंहवा क्षेत्रांतर्गत जामिया धुसवा से इवेन्ट संख्या 35496 से कालर द्वारा पारिवारिक विवाद में महिला (**सोमनी पत्नी जगीलाल निवासी ग्राम धुसवा थाना धर्मसिंहवा जनपद संतकबीरनगर**) के घायल होने के संबंध में सूचना दिया गया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर घायल महिला को एंबुलेंश की सहायता से सी0एच0सी मेंहदावल भेजवाया गया साथ ही घटना के सम्बन्ध में थाना धर्मसिंहवा को अवगत कराया गया। पीआरवी कर्मियों की सतर्कता एवं सूझबूझ से घटना स्थल पर समय से पहुंचकर घायल महिला को अस्पताल भेजवाकर उसकी जान बचाई गई, जिसकी स्थानीय व्यक्तियों द्वारा सराहना की गई।

***पीआरवी स्टाफ-* का0 प्रवेश मौर्य, हो0चा0 वशील अहमद।**

मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 61 वाहनों से 61,500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया

आज दिनांक 04.06.2024 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रों मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 61 वाहनों से 61,500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया।